शाहजहांपुर पुलिस

112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- थाना खुटार दिनांक 15.12.24

थाना खुटार पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमे का अनावरण करते हुये हत्या के अभियुक्तगण को अन्दर 24 घण्टे किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुवायां के निकट पर्यवेक्षण अपराध की रोकथाम में हत्या के वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 14.12.2024 वादी श्री मुन्ने खां पुत्र अख्तर खां निवासी बाईकुआँ थाना सिंधौली तहसील पुवाया जिला शाहजहांपुर मो0न0 9899873883 की तहरीरी सूचना बाबत अभियुक्तगण 1. मानूस खाँ पुत्र काके खाँ उर्फ सफीक खाँ निवासी ग्राम टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर 2. शमीम बानो पत्नी युनुस खाँ निवासी टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर द्वारा मिलकर वादी के भाई युनुस खाँ पुत्र अख्तर खाँ जो अपनी ससुराल टाहखुर्द कला मे रह रहा था की दिनांक 13/14.12.24 की रात मे हत्या कर देने के सम्बन्ध मे प्राप्त हुयी थी जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0स0 621/2024 धारा 103(1)/3(5) बी.एन.एस.बनाम अभियुक्तगण 1. मानूस खाँ पुत्र काके खाँ उर्फ सफीक खाँ निवासी ग्राम टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर 2. शमीम बानो पत्नी युनुस खाँ निवासी टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर पंजीकृत किया गया है जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार रावत तथा कार्यावाहक थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री अशोक कुमार द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम 1.शमीम बानो पत्नी युनुस खाँ निवासी टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर उम्र करीब 38 वर्ष व अभियुक्त 2.मानूस खाँ पुत्र काके खाँ उर्फ सफीक खाँ निवासी ग्राम टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर उम्र करीब 20 वर्ष को खुटार पुवायाँ रोड़ से ग्राम चमराबोझी की ओर जाने वाली सड़क पर करीब 15 कदम की दूरी पर आज दिनांक 15.12.2024 को समय 09.40 बजे गिरफ्तार किया गया पकड़े गये अभियुक्त मानूस खाँ उपरोक्त से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो बताया कि शमीम बानो रिश्ते में मेरी सगी बहन साफरीन की सास है , पिछले करीब 03 माह से मेरे व शमीम बानो के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है तथा हम लोग आपस मे मिलने जुलने लगे थे , इस बात का पता शमीम बानो के पति युनूस को लग गया था जिस कारण शमीम बानो व युनूस के बीच लड़ाई झगड़े होने लगे थे कल रात करीब दो बजे मुझे शमीम बानो ने अपने घर बुलाया था , शमीम बानो और मैं एक चारपाई पर लेटे हुए आपस में बात कर रहे थे तभी युनूस जाग गया था , और युनूस मुझसे व शमीम बानो से लड़ाई झगड़ा करने लगा था तो मैने युनूस को पकड़ लिया था और शमीम बानो ने युनूस के सर में ईटों से कई बार प्रहार किया था जिससे युनूस की मृत्यु हो गयी थी। अभियुक्ता शमीम बानो द्वारा अभि0 मानुस खाँ द्वारा कही गयी बातो का समर्थन किया गया। उपरोक्त दोनो की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त की गयी ईंट (आला कत्ल) जिस पर K.I.U मार्का है ,को समय करीब 10.55 बजे ग्राम टाह खुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर में घटनास्थल के उत्तर दिशा में स्थित खाली पड़े प्लाट/मरघट से बरामद किया गया अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। जिसे मा0 न्यायालय के समक्ष विधिक कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

<u>गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का विवरणः-</u>

1.शमीम बानो पत्नी युनुस खाँ निवासी टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर उम्र करीब 38 वर्ष

2.मानूस खाँ पुत्र काके खाँ उर्फ सफीक खाँ निवासी ग्राम टाहखुर्द कला थाना खुटार जिला शाहजहांपुर उम्र करीब 20 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना खुटार जिला शाहजहांपुर
2. हे0का0 197 संजीव कुमार थाना खुटार जिला शाहजहांपुर
3. का0 1989 लोकेन्द्र थाना खुटार जिला शाहजहांपुर
4. म0का0 2920 आरती थाना खुटार जिला शाहजहांपुर